# 352155 - अमेज़ॅन मैकेनिकल तुर्क (Amazon Mechanical Turk) साइट पर काम करने का क्या हुक्म है?

## प्रश्न

क्या अमेज़ॅन मैकेनिकल तुर्क (Amazon Mechanical Turk) पर काम करना जायज़ है? यह एक ऐसी वेबसाइट है जो काम करने के इच्छुक लोगों के बड़े समूहों को कर्मचारी भर्ती करने वाली कंपनियों से जोड़ती है, जो उन्हें अनियमित कार्य प्रदान करती हैं; क्योंकि कंप्यूटर इस समय इन कार्यों को करने में सक्षम नहीं हैं। मैकेनिकल तुर्क शब्द का अर्थ है "तुर्की यांत्रिक", तो यह वास्तव में क्या है? क्या इसका नाम एक बुत के नाम पर रखा गया है?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

एक ऐसी साइट बनाने में कोई हर्ज नहीं है जो नौकरी चाहने वाले लोगों को काम प्रदान करती है और उन्हें कर्मचारी भर्ती करने के इच्छुक लोगों के साथ जोड़ती है, बदले में वह कर्मचारी से, या नियोक्ता (काम देनेवाले) से, या उन दोनों से, समझौते के अनुसार, शुल्क लेती है, और यह दलाली (ब्रोकरेज) के अंतर्गत आता है।

बुखारी रहिमहुल्लाह ने अपनी सहीह में फरमाया : “दलाली की मज़दूरी का अध्याय, इब्ने सीरीन, अता, इबराहीम और अल-हसन बसरी ने दलाल (ब्रोकर) की मज़दूरी में कोई हर्ज नहीं समझा है।” उद्धरण समाप्त हुआ।

इसके लिए यह शर्त है कि : वह साइट केवल अनुमेय कार्यों में मध्यस्थता करने तक सीमित हो, और उसके लिए किसी निषिद्ध कार्य को पूरा करने के लिए मध्यस्थता करना जायज़ नहीं है। क्योंकि सर्वशक्तिमान अल्लाह का फरमान है :

وَتَعَاوَنُوا عَلَى الْبِرِّ وَالتَّقْوَى وَلا تَعَاوَنُوا عَلَى الْإِثْمِ وَالْعُدْوَانِ وَاتَّقُوا اللَّهَ إِنَّ اللَّهَ شَدِيدُ الْعِقَابِ

المائدة :2

"नेकी और तक़्वा (परहेज़गारी) के कामों में एक-दूसरे का सहयोग किया करो तथा पाप और अत्याचार में एक-दूसरे का सहयोग न करो, और अल्लाह से डरो। नि:संदेह अल्लाह कड़ी यातना देने वाला है।" (सूरतुल मायदा : 2)

अमेज़ॅन मैकेनिकल तुर्क (Amazon Mechanical Turk) साइट पर काम करने में कोई हर्ज नहीं है, अगर कार्यकर्ता किसी

निषिद्ध चीज़ में मदद नहीं करता है।

अतः यदि मान लिया जाए कि कुछ निषिद्ध कार्य पाए जाते हैं, जो उनके नियोक्ता कर्मचारियों से करवाना चाहते हैं और उस आदमी का काम उससे दूर है, वह किसी भी तरह से उसकी मदद नहीं करता है, तो उसका उस साइट पर काम करना अनुमेय है।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।